छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

पंचम विधान सभा   दशम् सत्र   अंक-05

रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 26 फरवरी, 2021
(फाल्गुन 7, शक संवत् 1942)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (डॉ. चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

1. प्रश्नकाल

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01 से 17 तक (कुल 17) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये ।

तारांकित प्रश्न संख्या 10 के प्रश्नकर्ता सदस्य श्री विद्यारतन भसीन के स्थान पर श्री सौरभ सिंह अधिकृत रहे ।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित 42 तारांकित एवं 52 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

2. बहिर्गमन

(1) तारांकित प्रश्न संख्या-03 पर चर्चा के दौरान श्री धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों द्वारा शासन के उत्तर के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया गया ।

(2) तारांकित प्रश्न संख्या-11 पर चर्चा के दौरान श्री धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों द्वारा शासन के उत्तर के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया गया ।

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री अमरजीत भगत, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2020-21 **पटल पर रखा ।**

4. ध्यानाकर्षण-सूचना

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि आज की कार्यसूची में सम्मिलित ध्यानाकर्षण सूचनायें आगामी दिवस में ली जावेगी ।

5. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति

डॉ. प्रीतमराम, सभापति, पटल पर रखे गये पत्रों का परीक्षण करने संबंधी समिति ने समिति के द्‌वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ प्रतिवेदन प्रस्तुत किये ।

6.माननीय राज्यपाल महोदया के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापान प्रस्ताव पर चर्चा का पुनर्ग्रहण

श्री धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष ने पुनर्ग्रहित चर्चा प्रारंभ की।

(सभापति महोदय (श्री शिवरतन शर्मा) पीठासीन हुए।)

(अध्यक्ष महोदय (डॉ. चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया ।

माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से आज की कार्यसूची के पदक्रम-5 का कार्य पूर्ण होने तक सदन के समय में वृद्धि की घोषणा की।

समस्त संशोधनों पर एक साथ मत लिया गया।

समस्त संशोधन अस्वीकृत हुए ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

7. अशासकीय संकल्प

मानननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि आज की कार्यसूची में शामिल अशासकीय संकल्प आगामी शुक्रवार को लिये जायेंगे ।

अपराह्न 1.38 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 01 मार्च, 2021 (फाल्गुन 10, शक संवत् 1942) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा